हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# नए आदेश से जाएगी पौने दो सौ डेटा एंट्री की नौकरी, समिति प्रबंधक से हटेगा प्रभार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

हर साल होने वाली सरकारी धान खरीदी में इस बार कई अहम बदलाव कर दिए गए हैं। जिसके तहत अब अविभाजित जिले के पौने दो सौ डेटा एंट्री की नौकरी जाने की नौबत आ गई है। वहीं इन समितियों के प्रबंधक के पास से खरीदी का प्रभार हटा दिया जाएगा। उनके साथ कलेक्टर द्वारा नामांकित अनुविभागीय अधिकारी को संयुक्त प्रभारी का जिम्मा दिया जाएगा। हालांकि इस आदेश का प्रबंधकों ने विरोध भी शुरू कर दिया है। समिति प्रबंधक सरकार से अब उन्हें पूरी तरह से खरीदी की जिम्मेदारी से बाहर रखने की मांग कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक पखवाड़े में धान खरीदी को लेकर दो आदेश सामने आ चुके हैं। 29 सितंबर को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा एक आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें प्रशासकीय प्रबंधन का कार्य संयुक्त रूप से समिति प्रबंधक के साथ शासकीय विभाग के अनुविभागीय स्तरीय अधिकारी को प्रभारी बनाकर किया जाएगा। इन अनुविभागीय अधिकारियों का नामांकन कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि इस वर्ष की धान खरीदी में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा आउट सोर्सिंग के माध्यम से की जाएगी। ऐसे में पहले से पदस्थ डेटा एंट्री ऑपरेटरों की छुट्टी हो जाएगी।

## समिति प्रबंधकों के अलावा अनुविभागीय अधिकारियों के पास रहेगा खरीदी का प्रभार

### महीनेभर में उठाव के निर्देश

इस बार धान खरीदी के साथ तेज उठाव पर भी फोकस रहेगा। जारी आदेश के अनुसार धान खरीदी समाप्त होने के बाद महीनेभर में ही उठाव पूरा करने कहा गया है। यदि महीनेभर बाद भी उठाव एनएचआई होता है तो समितियों को शेष धान के लिए सुखात राशि दी जाएगी। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर वित्त विभाग को भेजने कहा गया है।




### राजनांदगांव में 96 समितियों से खरीदी

अविभाजित जिले में कुल 174 समिति के जरिये धान खरीदी होती है। इनमें राजनांदगांव जिले की 96 समितियां, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 51 और मोहला-मानपुर-चौकी जिले में 27 सहकारी समिति है। ज्ञात हो कि नए आदेश के अनुसार सभी समिति में पदस्थ डेटा एंट्री ऑपरेटर को हटाया जाएगा।

### आंदोलन की बनी रणनीति

प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास ने जानकारी देते बताया कि खरीदी केन्द्रों के समिति के सभी कर्मचारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर एक साथ आंदोलन करेंगे। 24 अक्टूबर को जिला स्तर पर ज्ञापन रैली होगी। 28 अक्टूबर को प्रदेश स्तर पर ज्ञापन रैली, 3 नवंबर से मांग पूरी नहीं होने पर संभाग स्तरीय आनिश्चितकालीन आंदोलन और उसके बाद 12 नवंबर से प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

## लादेन बम से उड़ी युवक की हथेली

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी मुख्यालय के समीप ग्राम बिहारीकला में गोवर्धन पूजा की रात पटाखा फोड़ने के दौरान एक युवक लादेन बम के आगोश में गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से राजनांदगांव रेफर किया गया है।



घटना को लेकर बताया गया कि बिहरीखुर्द निवासी केशव पटेल पिता पंचलाल पटेल 32 वर्ष आरा मशीन चौक में पटाखा फोड़ने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। बताया गया कि मुख्य सड़क के किनारे लादेन बम को फोड़ा जा रहा था। इसी समय बम नहीं फट रहा है, करके युवक धीरे-धीरे सुलग रहे बम पटाखा को अपने हाथ में उठा लिया। बम पटाखा युवक के हाथ में ही फट गया। जिससे युवक की हथेली और उंगली धमाके से उड़ गई।

गंभीर रूप से घायल केशव पटेल को आनन-फानन में अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से उसे राजनांदगांव रिफर कर दिया गया।

### स्मार्ट मीटर योजना जल्द शुरू होने के संकेत, टारगेट पूरा करना लक्ष्य

# 2.23 लाख घर में लगा स्मार्ट मीटर डेढ़ लाख कनेक्शन अब भी बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोबाइल की तरह ही रिचार्ज पर बिजली देने के लिए शुरू की गई स्मार्ट मीटर योजना अविभाजित जिले में सुस्त रफ्तार के चलते अपने तय लक्ष्य से काफी पीछे चल रही है। हालत यह है कि पिछले चार साल में तीन जिलों में 2.32 लाख कनेक्शन ही स्मार्ट मीटर में बदले गए हैं। अब भी डेढ़ लाख कनेक्शन बाकी हैं। ऐसे में इस टारगेट को पूरा करने में विभाग को लंबा सफर तय करना पड़ेगा।

हालांकि अब ऐसा बताया जा रहा है कि प्रदेश स्तर से योजना में तेजी लाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके बाद जिले में भी रफ्तार तेज करने पर जोर दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत निजी घर, व्यापारिक प्रतिष्ठान के साथ ही उद्योग और सरकारी भवनों में भी यह मीटर लगाए जाने हैं। बताया गया कि लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर में छोटा मॉडम लगा रहेगा। इसे सर्वर के साथ उपभोक्ताओं के मोबाइल से कनेक्ट किया जाएगा। उपभोक्ताओं को हर समय जानकारी उपलब्ध रहेगी कि उनके पास कितना बैलेंस बचा है और वे कितनी यूनिट बिजली का उपयोग कर सकते हैं। रिचार्ज खत्म होने से पहले ही उपभोक्ताओं के फोन पर बैलेंस रिचार्ज का मैसेज आ जाएगा। मीटर लगाने के 2 महीने तक पोस्ट-पेड मोड पर चलेगा।

प्री-पेड होने पर एक महीने का बैलेंस दिया जाएगा, जो जमा सुरक्षा निधि से काटा जाएगा। औसतन खपत का मैसेज उपभोक्ता के पास जाएगा और उसी के मुताबिक बैलेंस रखना होगा। अब तक रिचार्ज की मिनिमम और मैक्सिमम सीमा निर्धारित नहीं की गई है। लोग अपनी सुविधानुसार रिचार्ज करा सकेंगे।



### मोहला-मानपुर पीछे, केसीजी-नादगांव में ठीक

अविभाजित जिले में जहां 40 फीसदी कनेक्शन स्मार्ट मीटर में बदला जाना शेष है। वहीं सबसे धीमी रफ्तार मोहला-मानपुर जिले में है। यहां कुल 62008 में से 24270 मीटर ही स्मार्ट में बदले गए हैं। इसी तरह राजनांदगांव जिले में 229855 में से 148109 और खैरागढ़ जिले में 81213 में से 61190 मीटर स्मार्ट किए जा चुके हैं। वहीं इन तीन जिलों में सरकारी कनेक्शन की बात करें तो 11409 में से 8572 मीटर स्मार्ट किए जा चुके हैं।

### पहले दी जाएगी बैलेंस समाप्ति की सूचना

बैलेंस खत्म होने की जानकारी के लिए तीन मैसेज आएंगे। पहला एवरेज 7 दिन की खपत के बराबर बैलेंस होने पर आएगा। दूसरा 3 दिन और तीसरा मैसेज 1 दिन की खपत के बराबर बैलेंस बचे होने का आएगा। बैलेंस खत्म होने के बाद भी 300 रुपए तक का क्रेडिट उपभोक्ता को दिया जाएगा। इस बीच उन्हें रिचार्ज कराना होगा और अगले रिचार्ज से ये रकम काट ली जाएगी। बताया गया कि बिजली केवल दिन में ही बंद की जाएगी। इसके लिए सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक का समय निर्धारित किया जाएगा। छुट्टी के दिन बिजली बंद नहीं की जाएगी।

### सोलर पैनल को भी दे रहे बढ़ावा

एक तरफ जहां स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम तेज किया जा रहा है। वहीं केंद्रीय सरकार की सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने के लिए भी लोगों को उत्साहित किया जा रहा है। अविभाजित जिले में लगभग सात हजार आवेदन आ चुके हैं। जिनमें से पौने तीन सौ आवेदकों के घर में सोलर पैनल लगा भी दिए गए हैं।

## शराब पीने पैसे की मांगकर डकैती का प्रयास, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर डकैती का प्रयास कर धारदार चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 अक्टूबर को प्रारेश साहू 32 साल निवासी ग्राम जंगलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 अक्टूबर को अपने साथियों जागेश्वर साहू, निक्कु साहू, भागीरथी साहू व महेन्द्र साहू के साथ ई-रिक्शा में बैठकर जंगलपुर से एबीस ग्रीन होटल में काम करने राजनांदगांव जा रहे थे। रेवाडीह नया शराब भट्टी बाईपास रोड के पास ई-रिक्शा रोककर जागेश्वर साहू शराब लेने के लिए भट्टी गया। शराब भट्टी के पास 5-6 व्यक्ति सामने से आए और जागेश्वर से शराब पीने के लिए पैसा मांगे और जागेश्वर द्वारा पैसा नहीं देने पर आरोपियों द्वारा हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगा, जिसे देखकर प्रार्थी एवं अन्य लोग बीच-बचाव करने लगे तो उनमें से एक व्यक्ति द्वारा अपने पास रखे धारदार हथियार से हमला करने से प्रार्थी एवं उनके साथियों के सिर, चेहरा एवं जांग में चोंट पहुंचाया है।

### जेल भेजे गए सभी आरोपी

सभी आरोपियों द्वारा एक राय होकर प्रार्थी एवं उनके साथी से शराब लेने के लिए पैसा की मांग कर पैसा लूटने का प्रयास कर हाथ-मुक्के व धारदार चाकू से हमला करना पाया गया। पुलिस ने आरोपी उत्तम साहू, भुपेन्द्र यादव उर्फ रानू, अजय ठाकुर, रजीत यादव एवं अपचारी बालकों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया, जो घटनाकारित करना स्वीकार किया। पुलिस ने 4 आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एवं विधि से संघर्षरत बालक को बाल न्यायालय में पेश किया गया तथा शेष आरोपियों की पतातलाश जारी है।

**पुलिस ने की कार्रवाई :** पुलिस ने इस मामले में घटनास्थल नया शराब भट्टी रेवाडीह में लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया। 22 अक्टूबर शाम प्रार्थी एवं उनके साथियों के साथ 7-8 लोग मारपीट व झगडा-लड़ाई करते स्पष्ट दिख रहे हैं। जिसमें से घटना में शामिल नाबालिग की पहचान होने पर उनसे घटना के संबंध में पूछताछ किया। घटना में शामिल साथियों उत्तम साहू, भुपेन्द्र यादव, अजय ठाकुर, रजीत यादव एवं 2 नाबालिक का नाम बताया गया। भुपेन्द्र यादव उर्फ रानू द्वारा चाकू से वार कर चोंट पहुंचाना पाया गया।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का होगा आयोजन, भाजपा ने शुरू की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के तीन जिलों में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी के विषय में जानकारी देने सांसद संतोष पांडे और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती को काफी उत्साहपूर्वक मानने और एकता अखंडता का संदेश देने के लिए यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि राजनांदगांव, खैरागढ़ और कवर्धा जिले में पदयात्रा आयोजित होगी। तीन दिवसीय यह पदयात्रा प्रतिदिन 10 किलोमीटर का सफर तय करेगी। इस पदयात्रा के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी होंगे। वहीं एक पेड़ मां के नाम, जिज्ञासा और समाधान सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी के साथ यूथ आइकॉन का सम्मान भी किया जाएगा।

### आयोजन की तैयारी शुरू

सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली इस एकता की पदयात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। इस पदयात्रा में खिलाड़ी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि सहित अलग-अलग क्षेत्र में कार्य करने वाले लोग शामिल होंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, मीडिया प्रभारी अमर लालवानी, रवि सिन्हा, तरुण लहरवानी, जैसल लाल सहित अन्य उपस्थित थे।




### पदयात्रा में शामिल होंगे सैकड़ों

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा के तीन जिलों में भारत सरकार के खेलकूद युवा विभाग द्वारा यह आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर से 26 नवंबर के बीच यह आयोजन होगा। जिसमें प्रतिदिन 10 किलोमीटर की पदयात्रा होगी। इस दौरान शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच जाकर सरदार पटेल की जीवनी और समाज से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि पदयात्रा में अलग-अलग पड़ाव में सैकड़ों लोग शामिल होंगे।

**एकता और अखंडता की नींव रखने वाले पटेल :** सांसद संतोष पांडे ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने रियासतों का एकीकरण करने का काम किया, जिन्हें आने वाली पीढ़ी भी जन्म-जन्मांतर तक याद रखेगी। उन्होंने कहा कि इस देश में संप्रभुता, एकात्मता और अखंडता की नींव रखने में सरदार पटेल का अहम योगदान है।

## नहाय-खाय से होगा छठ पर्व का आगाज उत्साह से मनेगा सूर्य उपासना का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली पंच पर्व के बाद अब भगवान सूर्यदेव एवं छठी मईया के आराधना का पर्व छठ को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है। 25 अक्टूबर से शुरू होने वाले चार दिवसीय इस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है। पर्व के लिए तालाब के घाट की साफ-सफाई का क्रम जारी है।

भगवान सूर्यदेव की आराधना का पर्व छठ को लेकर लोगों में उत्साह का वातावरण निर्मित है। बताया गया कि पर्व 25 अक्टूबर नहाय खाय के साथ शुरू होगा। इस दिन छठी व्रती नियम से सात्विक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे। छठी को ध्यान कर छठ पूजा का संकल्प नहाय खाय पर ही लेने का विधान है। इस दिन छठी मईया और आदित्य देव के लिए गीत गाकर उनका आव्हान किए जाने की भी परंपरा है।



### व्यापक तैयारी

इस महापर्व को लेकर व्यापक तैयारियों के तहत पूजा सामग्रियों की खरीदी के साथ ही पर्व संबंधी अन्य खरीदी करने के लिए भी लोग जुटे हुए हैं। इधर छठ पर्व के दौरान शहर के श्रीगणेश मंदिर मोती तालाब परिसर में व्यापक तैयारियां की जा रही है। मंदिर समिति से जुड़े अशोक चौधरी ने बताया कि छठ पूजा में बाहर व दूर से आने वालों के लिए मंदिर में ही रूकने की व्यवस्था पूर्व की तरह की गई है।

### भगवान सूर्य को देंगे अर्ध्य

26 अक्टूबर को खरना है। इस दिन व्रती लोग छठी मईया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाती है। ऐसी मान्यता है कि खरना का प्रसाद ग्रहण करने से जीवन के सारे दुख दूर होते हैं। छठी मईया मनोकामनाएं पूर्ण करती है। 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी भगवान सूर्यदेव को संध्याकालीन अर्ध्य दिया जाएगा। इस दिन डूबते सूर्य को अर्ध्य अर्पित करने के लिए व्रती व सपरिवार तालाब-नदी के घाट में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान सूर्य को अर्ध्य देंगे। सुख-समृद्धि और संतान के उज्जवल भविष्य की कामना करेंगे। 28 अक्टूबर को उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्ध्य दिया जाएगा। पूजा-अर्चना कर लोगों को प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### लोगों ने उत्साह के साथ मनाया पर्व, शहर में भी आयोजन

# गांव-गांव में दिखा मातर का जश्न, पारंपरिक नृत्य के साथ ग्राम देवता की हुई पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली त्योहार के साथ ही अब गांवों में मातर का जश्न शुरू हो गया है। गोवर्धन पूजा के साथ ही ग्रामीण इलाकों में मातर पर्व का आयोजन भी किया जाता रहा है। इस पर्व के दौरान ग्रामीण जहां ग्राम देवता की पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं पूरा गांव एकत्र होकर इसका जश्न मनाता है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य भी किया जाता है। जिले में भी गांव-गांव में गुरुवार को मातर का उत्साह देखने को मिला। इसी के साथ अब मेला-मड़ई का दौर भी शुरू हो गया है।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में मातर पर्व का जश्न एक पारंपरिक और महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे दिवाली के बाद मनाया जाता है। यह मुख्य रूप से यदुवंशी समुदाय से जुड़ा है और मवेशियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। हालांकि पूरे छत्तीसगढ़ में इस त्योहार को बड़ा मान दिया जाता है। यह त्योहार सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का प्रतीक है। दीपावली त्योहार में गोवर्धन पूजा संपन्न होने के बाद गांव-गांव में मड़ई-मातर का दौर शुरू होता। ग्रामीण अंचलों में यह परंपरा बनी हुई है। इस बहाने लोग आपसी मेल-मुलाकात कर दीपावली पर्व की शुभकामना देते हैं व खुशियां आपस में बांटते हैं। लगभग हर गांव में यह आयोजन किया जाता है। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह भी देखने को मिलता है।



### इस तरह के आयोजन

मिली जानकारी के अनुसार मातर का पर्व किसी भी गांव के प्रमुख त्योहार में से एक होता है। मातर पर्व में ग्राम देवता की पूजा होती है। साथ ही गोधन की भी पूजा होती है। पर्व का उत्साह दोगुना करने के लिए इस दिन पूरा गांव एक साथ एक जगह पर एकत्र होता है, जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। भोज के आयोजन भी कई गांव में किए जाते हैं। मवेशियों की पूजा-अर्चना की जाती है।

## बस स्टैंड में भरी मड़ई, दिखा रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपोत्सव मनाने के बाद अब शहर सहित ग्रामीण इलाकों में मंडई-मेले के आयोजनों का दौर शुरू हो गया है। शहर के कालीमाई मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड में भव्य मंडई मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थित देर शाम तक रही। इसके साथ ही अब जिलेभर में गांव-गांव में मंडई के आयोजनों का क्रम शुरू हो जाएगा।



ज्ञात हो कि पंच पर्व दिवाली मनाने के बाद लोगों को मंडई-मेले का इंतजार बना रहता है। शहर में वर्षों से कालीमाई मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड से मंडई-मेले की शुरू त होती है। आज भाईदूज के दिन यहां मंडई-मेले का आयोजन पारपंरिक रूप से किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों से व्यापारियों ने आकर अपनी-अपनी दुकानें सजाई। वहीं लोग देर शाम तक मंडई का लुत्फ उठाते देखे गए।

इसके साथ ही अब आगामी दिनों में गांव-गांव में मंडई-मेले एवं इस दौरान सांस्कृतिक आयोजनों का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो पूरे जनवरी माह तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण इलाकों में मंडई-मेले का आयोजन किसी बड़े पर्व से कम नहीं होता। इस आयोजन का लुत्फ उठाने के लिए दूर-दूर से लोग गांव पहुंचते हैं। एक ओर जहां आम लोगों को मंडई-मेले का बेसब्री से इंतजार रहता है। वहीं यहां दुकान सजाने वाले लोगों को भी काफी उत्सुकता बनी रहती है। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा आज भी जारी है।

### दोपहर से देर शाम तक चहल-पहल

मंडई स्थल पर सुबह से ही व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें सजाने के लिए स्थान निर्धारित कर लिए थे। वहीं झूला, साग-सब्जी सहित खाने-पीने के अन्य सामग्रियों की दुकानें लगी हुई थी। इस दरौन बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोगों ने जहां झूले का आनंद उठाया। वहीं कई आवश्यक सामग्रियों की खरीदी करने के लिए जुटे रहे। मंडई-मेले से पूर्व विधि-विधान से मां कालीमाई मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात मंडई ध्वज का भ्रमण मंडई में बाजे-गाजे के साथ कराया गया। दोपहर से देर शाम तक यहां चहल-पहल का वातावरण बना रहा। इस मौके पर लोगों ने जमकर गन्नों की खरीदी की।







## खबर संक्षेप



डोंगरगढ़। पूनम श्रीराम अग्रवाल के घर के आंगन में बनी आकर्षक रंगोली।

### दीपावली पर चमका बाजार

**डोंगरगढ़।** नगर में दीपावली बाजार जमकर गुलजार रहा। बडे व्यापारियों के अलावा फुटकर व्यापारियों ने अच्छा धंधा किया। धनतेरस से दिवाली की रात तक किराना, कपडा, बर्तन, सोना-चांदी, मनिहारी, इलेक्ट्रानिक्स आदि की दुकानों में भीड रही। बताया जा रहा है कि इस बार नगर में लगभग 10 करोड़ से अधिक का व्यापार हुआ है। कहा जा रहा है कि दिवाली के पहले धान खरीदी शुरू हो जाती तो यह कारोबार 20 करोड़ तक पहुंच सकता था। इस दीपावली में क्षेत्र में फूल की कमी के चलते बाहर से आए गुलाब, गैंदा, कमल फूल की कीमत 3 गुना अधिक रही।

### भाई दूज मनी



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में गुरूवार को भाई दूज उल्लास से मनाया गया। बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया तथा मंगल कामना किया। बहने भी उपहार पाकर हर्षित हुई।

### कांग्रेस का प्रदर्शन मात्र सियासी नौटंकी



**खड़गांव।** मानपुर भाजयुमो अध्यक्ष चेतन साहू ने कहा कि हाफ बिजली बिल योजना में किए गए संशोधन के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन पूरी तरह से दिखावा और जनता को गुमराह करने की साजिश है। उन्होंने कांग्रेस की सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिशों पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार न केवल हाफ बिजली बिल योजना को और प्रभावी बना रही है, बल्कि उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली की ओर ले जाने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है। कांग्रेस का प्रदर्शन केवल सियासी हथकंडा है, जिसका उद्देश्य जनता को भ्रमित करना और अपनी विफलताओं को छिपाना है। उन्होंने बताया कि सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना को 400 यूनिट से घटाकर 100 यूनिट तक सीमित करने का निर्णय सामान्य और कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर लिया है।

## निधन

### श्रीकांत महोबिया



**राजनांदगांव।** श्रीकांत महोबिया उर्फ मुकेश पिता मोहनलाल महोबिया निवासी ग्राम बैगाटोला (32) का निधन 23 अक्टूबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बैगाटोला खैरागढ़ में सुबह 11 स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रविकांत महोबिया, साधना महोबिया के छोटे भाई थे।

दो पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए मारपीट के आरोप

# गोवर्धन पूजा के दौरान खूनी संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गोवर्धन पूजा के दौरान पेडरवानी में झगड़े ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। पुलिस में दर्ज कराई गई दो अलग-अलग रिपोर्टों के अनुसार विवाद की शुरूवात युवराम साहू और उमाशंकर साहू के बीच हुए झगड़े से हुई। गांव के गगन यादव ने पुलिस को अपनी रिपोर्ट में बताया कि गोवर्धन पूजा के दिन उमाशंकर साहू और युवराम साहू के बीच झगड़ा हुआ था। जिसके बाद जब उमाशंकर साहू, सिंटू विश्वकर्मा और लक्ष्मण साहू के घर के पास थे, तभी कुलेश्वर साहू, तीरथ साहू और प्रेमलाल साहू ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह झगड़ा छुड़ाने गए, तो तीनों ने उन्हें भी गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ, मुक्का किया। डंडे से मारपीट की। इस घटना में गगन यादव के सिर, कान, नाक और होंठ पर चोटें आई हैं। दूसरा पक्ष भी पहुंचा थाना

दूसरे पक्ष के कुलेश्वर साहू ने अलग रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गोवर्धन पूजा के दौरान गांव के उमाशंकर साहू ने उनके छोटे दादा युवराम साहू पर हाथ उठा दिया था। जब वह अपने चाचा प्रेमलाल साहू और भाई तीरथ साहू के साथ उमाशंकर से इस बारे में पूछने गए, तो उमाशंकर, गगन यादव और सिंटू विश्वकर्मा ने एकराय होकर उन्हें गालियां दीं और आज जान से खत्म करने की धमकी देते हुए हाथ, मुक्का और डंडे से मारपीट की। इस हमले में कुलेश्वर साहू के सिर, मस्तक और बाएं हाथ की उंगली पर, प्रेमलाल साहू की बाई आंख और तीरथ साहू के सिर पर चोट आई है। उन्होंने बताया कि विष्णु साहू और परस साहू ने झगड़ा देखा और छुड़ाया।

## मातर में गूंजे दोहे और नाचे लोग, पशुधन को बांधा गया सोहाई

**गंडई-पंडरिया।** नगर के वार्ड 1 और 2 में यादव ठेठवार समाज ने पारंपरिक और उल्लासपूर्ण वातावरण में मातर उत्सव का भव्य आयोजन किया। दैहान चौक और तालाब पार में आयोजित उत्सव में सामाजिक जनों ने संस्कृति और मवेशियों के प्रति गहरे लगाव का प्रदर्शन किया। उत्सव की शुरुआत में समाज के लोगों ने मवेशियों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा के उपरांत सभी गायों को विशेष रूप से तैयार कर सोहाई बांधा गया और प्रसाद का भोग



लगाया गया। सोहई बांधने की रस्म के बाद यादव ठेठवार समाज के लोगों ने परंपरा अनुसार दोहे पढ़े और बाजे-गाजे की थाप पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजे सामाजिकजनों का उत्साह देखने लायक था। लोक गीतों और बाजे की धुन पर थिरकते लोगों ने पूरे वातावरण को खुशनुमा बना दिया। मातर उत्सव को देखने के लिए नगर की महिला एवं पुरुषों की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी।

## बदमाशों के विरूद्ध कार्रवाई

- शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

दिवाली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई किया।

पुलिस ने हेमंत चंद्रवंशी उर्फ हमीन पिता स्व हीराराम चन्द्रवंशी निवासी रंगाकठेरा, गोपाल चन्द्रवंशी पिता स्व हीराराम चंद्रवंशी निवासी रेगाकठेरा, हरदयाल चावरे पिता नंदकुमार चावरे निवासी बोईरडीह, गुलशन कंवर पिता फागुराम कंवर निवासी कोटनापानी, भोलाराम धुर्वे पिता अमर सिंह निवासी लेडीजोब, लोकेश मालेकर पिता कृष्णा मालेकर निवासी वार्ड 22 डोंगरगढ, कृष्णा पाण्डे पिता कीर्तन पाण्डे निवासी ब्राम्हणपारा के विरूद्ध धारा 170,125,135 बीएनएसएस के कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।

# गौ माता की श्रद्धा के साथ पूजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

श्री राम गौ सेवा समिति ने गोवर्धन पूजा का आयोजन हर्षोल्लास और भक्ति भाव से किया। गौशाला परिसर में गौ माता की पूजा-अर्चना की गई। समिति के सदस्यों ने पूजा कर गौवंश की सेवा और संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में श्री राम गौरक्षा समिति के संरक्षक छोटे राजा देवराज किशोर दास ने शामिल होकर गोवर्धन पूजा की और गौमाता की आरती उतारी। उन्होंने श्री राम गौ सेवा समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हम किश्मत वाले हैं कि हमें गौमाता की सेवा करने का मौका मिला है। हमे अपनी संस्कृति को बचाए रखने हेतु तत्पर रहना चाहिए और गौ माता की रक्षा के लिए सजग रहना होगा। कार्यक्रम में श्री राम गौ सेवा समिति के अध्यक्ष अमित यादव सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। श्री यादव ने कहा हम सभी गौ सेवा समिति भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। पूजा में बड़ी संख्या में समिति के सदस्य, श्रद्धालु और नगरवासी शामिल हुए।

### गांव गांव में मातर की धूम

**सड़क अतरिया।** गुरूवार को गांव- गांव में मातर की



धूम रही। ग्राम चकनार, सड़क अतरिया, संड़ी, मानपुर, जीराटोला में यादव समाज एवं ग्रामीणों ने दिवाली के अंतिम दिन मातर उल्लास से मनाया गया। पशु को आटा से बने व्यंजन खिलाया गया। दैहान में रीति रिवाज से पूजा अर्चना किया गया। यादव समाज के लोग आकर्षक वेशभूषा एवं वाद्ययंत्रों के साथ नाचते झूमते निकले।

### गोवर्धन की पूजा

**डोंगरगढ़।** लक्ष्मी पूजा के दो दिन बाद बुधवार को यदुवंशी समाज के साथ, कृष्ण भक्त, सकल मारवाडी समाज ने गोवर्धन पूजा का आयोजन पुरानी परंपरा के अनुसार किया। लोगों ने आंगन में गोवर्धन के साथ पशुधन की पूजा भी की। यादव समाज के लोगों ने घर घर जाकर राऊत नाचा के साथ सोहाई बांधा। मंगलवार की देर रात तक चले गौरा गौरी की पूजा के बाद बुधवार को विसर्जन किया गया। महावीर तलाब में विर्सजन के साथ लोगों ने मन्नत के अनुरूप सोटा खाकर अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। गुरूवार को भाई बहन के स्नेह का प्रतीक भाई दूज धूमधाम से मनाया गया।

### गौरी-गौरा का विसर्जन



ग्राम अछोली में गौरी-गौरा का विसर्जन में भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण में सरपंच नंदकुमार साहू, सुकलू, बसंत धुर्वे की अगुवाई में किया गया। नया अछोली, पुराना अछोली में स्थापित गौरी-गौरा की मूर्तियों को बाजे-गाजे और सोहर गीतों के साथ नदी में विसर्जित किया गया।

इस दौरान पूरी रात सोहर गीत गूंजते रहे। रात को मिट्टी की मूर्तियों को बनाकर गौरी-गौरा के चबूतरों में सजाया गया। मूर्तियों की स्थापना के बाद महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।विसर्जन प्रक्रिया सुबह करीब 9 बजे शुरू हुई। पारंपरिक बाजे-गाजे और भक्ति गीतों के साथ लोग गौरी-गौरा को तालाब ले गए।

### गौरा गौरी चबूतरे का लोकार्पण

**डोंगरगढ़।** दीपावली के दूसरे दिन इंदिरा नगर वार्ड 5 में गौरा गौरी चबूतरे का लोकार्पण प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती ने किया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सुनील जैन, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, पार्षद प्रीति चमन समुद्रे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर श्री भारती ने वार्डवासियों को गोवर्धन पूजा, भाई दूज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैसे हम दीपावली पर अपने घरों की साफ करते हैं, वैसे ही अपने वार्ड को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। स्वच्छता से ही सुंदर और स्वस्थ



समाज का निर्माण होता है। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने पानी की समस्या को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया। अंत में पार्षद प्रीति चमन समुद्रे ने आभार व्यक्त किया।

# दो माह में नहीं मिला वसीम का सुराग जमीन निगल गई या आसमान

- महाराष्ट्र के कामठी से हुआ लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर के युवा कारोबारी मोहम्मद वसीम तंवर को रहस्यमय तरीके से गायब हुए दो माह से अधिक समय हो गया, किन्तु उसका अब तक सुराग नहीं मिल सका है। सवाल यह है कि वसीम को जमीन निगल गई या आसमान जिसके चलते महाराष्ट्र पुलिस और परिजन लाख कोशिश के बाद भी उसे खोजने में नाकाम रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मो वसीम तंवर पिता मो इशहाक तंवर गत 19 अगस्त से लापता है। वह 19 अगस्त को अपनी पत्नी को लाने कामठी गया था। नगर के सना डेकोरेशन के संचालक इशहाक तंवर का 33 वर्षीय पुत्र वसीम 19 अगस्त को तौफीक के साथ बाइक से राजनांदगांव जाकर ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से रवाना हुआ था। इस बीच उसकी परिजनों और पहचान वालों के साथ बात होते रही। करीब चार बजे वसीम ने इमरान को बताया था कि वह तुमसर पहुंचने वाला है। इससे पहले उसने दोपहर एक बजे अपनी पत्नी को कामठी आने की जानकारी दिया था। परिजनों और परिचितो से लगातार संपर्क मे रहने के बाद पांच बजकर 17 मिनट पर उसका मोबाईल बंद हो गया जो दोबारा चालू नहीं हुआ है।

### शाम को दिखा फुटेज में

वसीम के अचानक गायब होने के बाद परिजनों ने कामठी स्टेशन में लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज का खंगला तो उसे शाम 5.22 बजे स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। स्टेशन के बाहर निकलकर उसे बस स्टैंड की ओर जाते देखा गया किन्तु उसके बाद कहा गया इसकी अब तक कोई जानकारी नहीं सकी है।

### किसी से विवाद नहीं

पारिवारिक सदस्यों ने बताया कि वसीम और परिजनों के बीच किसी प्रकार का विवाद नहीं था। पति पत्नी के बीच भी अनबन जैसी कोई बात नहीं थी। व्यापारिक क्षेत्र में भी लेनदेन को लेकर कोई इश्यु नहीं था। डेकोरेशन के काम को पूरी निष्ठा के साथ करने के कारण वसीम की सभी वर्ग के लोगों के साथ खासी जान पहचान थी और सभी उसके काम से संतुष्ट थे।

### रिश्तेदारों ने किया संभावित जगहों पर तलाश

वसीम के अचानक गुम होने के बाद से परिजन, रिश्तेदार और कामठी पुलिस लगातार तलाश करते रहे किन्तु अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। उसके रिश्तेदारों ने कामठी, नागपुर, रामटेक, छिंदवाड़ा, मुंबई, दिल्ली, सूरत सहित अन्य संभावित जगहों पर तलाश किया। कामठी पुलिस ने भी टीम बनकर मोबाईल काल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से उसकी तलाश करने का प्रयास किया किन्तु अब तक कामयाबी नहीं मिल सकी है।

## साइकिलिंग में शलिता, कुमेश्वरी विजेता

**साल्हेवारा।** खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने खेलो इंडिया अस्मिता वूमेंस लीग की साइक्लिंग प्रतियोगिता आयोजित किया जिसमें लगभग 100 बालिका एवं महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया।

साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिस्ट्रिक्ट के सचिव जनक लाल साहू ने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि निजाम सिंह मंडावी जिला उपाध्यक्ष भाजपा थे। इस दौरान जनपद सदस्य मन्नू मरकाम, दशरथ पटेल, गगन अग्रवाल, बहादुरसिंह खुशरो, नरेन्द्र पटले आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम शलिता पटेल, द्वितीय हसीना पटेल, तृतीय बुधन पटेल, जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम कुमेश्वरी, द्वितीय बिंदिया पटेल, तृतीय किरण जामेवार, सीनियर वर्ग में प्रथम रेशमा मरावी, द्वितीय निधि साहू तथा तृतीय भूमिका सिन्हा रही। विजेताओं को अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण के दौरान देवप्रकाश वर्मा ने साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिस्ट्रिक्ट को बेस्ट अपकमिंग डिस्ट्रिक्ट का शील्ड प्रदान किया। इस आयोजन में साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त सचिव



देवप्रकाश वर्मा, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिस्ट्रिक्ट के सचिव जनक लाल साहू, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के सचिव शशांक देशमुख, सदस्य अभिषेक मिश्रा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, ताजू खान गोरी, प्रियंकेश कश्यप, निधि साहू,आशीष साहू, रोहित अचला, कुशाल सिंग आदि मौजूद थे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### कार्यवाही: ट्रक में बनाए गए गुप्त चैम्बर में छिपाकर की जा रही थी गांजा तस्करी

# 53 किलो ग्राम गांजा के साथ एक अंतर्राज्यीय तस्कर किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा


। जिले के सीमावर्ती थाना चिल्फी पुलिस ने एक बार फिर गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए फिल्मी अंदाज में हो रही तस्करी को नाकाम करने मे सफलता हांसिल की है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 53.012 किलो ग्राम गांजा जप्त किया है। वहीं गांजा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को भी जप्त किया गया है। गिरफ्त में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 35/2025, धारा 20(बी)(2)(सी) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्फी पुलिस को गुरूवार के रोज मुखबिर के जरिए सटीक सूचना मिली थी कि टाटा ट्रक क्रमांक आरजे-40 जीए-0689 में गांजा तस्करी की जा रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में एक टीम गठित कर थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में नाकाबंदी कर वाहनो की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान संबंधित वाहन क्रमांक के मार्ग से गुजरने पर पुलिस ने वाहन को रोक कर उसकी तलाशी के दौरान एक विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया गुप्त चैंबर सामने आया, जिसमें लगभग 51 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा छिपाया गया था। जिसका कुल वजन लगभग 53.012 किलो ग्राम पाया गया। पुलिस के मुताबिक यह चैंबर इतनी कुशलता से बनाया गया था कि सामान्य जांच में पकडऩा लगभग असंभव था, लेकिन कबीरधाम पुलिस की सूझबूझ, सतर्कता और पेशेवर कौशल ने तस्करों की चालाकी नाकाम कर दी। वाहन से गांजा बरामद होने के बाद पुलिस ने ट्रक में सवार अंतर्राज्यीय तस्कर सोहेल खान, पिता शौकत खान, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम हरनावदा, तहसील पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राजस्थान) को मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जप्त गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख रुपए, ट्रक की कीमत लगभग 15 लाख रुपए और एक मोबाइल फोन 10 हजार रुपए के साथ कुल जप्ती लगभग 28 लाख 10 हजार रुपए हुई। यह गांजा उड़ीसा से राजस्थान ले जाया जा रहा था। इस कार्रवाई में थाना चिल्फी प्रभारी, निरीक्षक लालजी सिन्हा एवं टीम ने पेशेवर कौशल, सतर्कता और तत्परता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सहायक उपनिरीक्षक बीरबल साहू, आरक्षक जितेन्द्र चंद्रवंशी, सुनील मेरावी, पंकज यादव, अमन वाहने, मोहम्मद इरफ़ान, आंसू तिवारी, पप्पू पनागर और मोहित काठले की मेहनत और समन्वय भी इस सफलता की मुख्य वजह रही। टीम की सतर्कता के चलते तस्करों की फिल्मी स्टाइल में की गई चालाकी भी नाकाम रही।

**आगे भी जारी रहेगी इस तरह की कार्यवाही:एसपी**



पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि में जिले में नशे के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है और यह आगे भी जारी रहेगी। जिले में किसी को भी नशीले पदार्थों की तस्करी की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह चेतावनी सिर्फ तस्करों के लिए नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षण देने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए भी है। हमारी टीम की तत्परता और समर्पण यह दिखाती है कि अपराधी कहीं भी छिप जाएँ, पुलिस उन्हें खोज-खोजकर पकड़ ही लेगी। इस कार्रवाई से एक बार फिर स्पष्ट संदेश गया है कि कानून को चुनौती देना किसी के लिए आसान नहीं।

# नगर के लोहारा मार्ग की रोड लाईट बंद



■ वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा नगर के लोहारा रोड की स्ट्रीट लाईट बंद होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। त

यौहारी सीजन में इस तरह की अव्येवस्था के चलते शाम ढलते ही मार्ग में अंधेरा गहरा जाता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस मार्ग में आवारा मवेशियों का भी भारी जमावड़ा रहता है। स्थिति ये है कि नगर पालिका के दमकल कार्यालय से लेकर सुमीत बाजार के बीच दर्जनो की संख्या में आवारा मवेशी सड़क में पूरी रात बैठे रहते हैं। एक तो सड़क पर आवारा मवेशियों की मौजूदगी और उस पर स्ट्रीट लाईट के बंद होने से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि कवर्धा नगर का यह एक व्यस्ततम मार्ग है जिसमें चौबिसों घंटे छोटे बड़े वाहनो का आनाप जाना लगा रहता है।

लोगों ने इस अव्यवस्था को तत्काल दुरूस्त कराए जाने की मांग की है। हालांकि अवकाश होने के कारण इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि आखिर नगर के लोहारा मार्ग की स्ट्रीट लाईट बंद होने की वजह क्या है।

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक

**कवर्धा।** राज्य के प्रतिभावान, निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों के लिए सीएम उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। योजना का उद्देश्य ऐसे मेधावी विद्यार्थियों को तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यवसायिक संस्था में प्रवेश प्राप्त हुआ है। आवेदन पत्र 25 अक्टूबर तक पंजीकृत डाक अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर कलेक्टर (आदिवासी विकास) कबीरधाम कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

### स्कूलों में की जाएगी संगीत प्रशिक्षक की भर्ती

**कवर्धा।** जिले में संचालित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम स्कूलों, पीएम श्री एकलव्य आवासीय स्कूल तरेगांव जंगल, पीएम श्री प्राथमिक स्कूलों में एक-एक कुल 11 पद संगीत प्रशिक्षक की सेवाएं तीन माह के लिए लिया जाना है। अभ्यर्थी अपना मूल दस्तावेज व आवेदन पत्र के साथ डीईओ कार्यालय कवर्धा मं 28 अक्टूबर सुबह 10 बजे उपस्थित हो सकते हैं।

### स्वाध्यायी परीक्षा के लिए मंगाए गए आवेदन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर (सीजी बोर्ड) ने शैक्षणिक 2025-26 हाई व हायर सेकेंडरी स्वाध्यायी परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर (सीजी बोर्ड) से मिली जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन आवेदन सामान्य शुल्क के साथ 31 अक्टूबर जमा करें।

# जिले में सक्रिय होने लगे बाहरी गुड़ फैक्ट्री संचालक

### तस्करी के लिए ट्रक में बनाया गया था गुप्त चैम्बर



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पिछली बार की तरह इस बार भी जिले के एक बड़े रकबे में लहलहती गन्ने की फसल को देख दूसरे प्रदेशों के कथित गुड़ फैक्ट्री संचालकों ने अंचल में अपनी मौजूदगी दर्ज कराना शुरू कर दिया है प्रारंभिक तौर पर इन संचालकों द्वारा क्षेत्र में गन्ने के रकबे, सर्व सुविधा युक्त स्थान चयन सहित अन्य आवश्यकताओं की पड़ताल शुरू कर दी है। लेकिन फिलहाल प्रशासन दीपावली त्यौहार में व्यस्त है और ऐसे बाहरी कथित गुड़ फैक्ट्री संचालकों पर नकेल कसने न तो कोई गाईड लाईन तैयार की गई और न ही रणनीति बनी है। गौरतलब है कि बेहतरीन किस्म के गन्ना उत्पादन के लिए पड़ोसी राज्यों में प्रसिद्धि पा चुके कबीरधाम जिले के एक बड़े रकबे में इस समय गन्ने की फसल पक कर तैयार खड़ी है। जिसकी कटाई एकादशी के बाद शुरू हो जायेगी। गन्ने की लहलहाती फसल को देख जहां गन्ना उत्पादक कृषक गदगद है वहीं उन बाहरी लोगों की भी फसल पर गिद्ध नजर गड़ी हुई है जो बीते कई वर्षो से जिले में गन्ना कटाई से लेकर पूरे पेराई सीजन तक गुड़ फैक्ट्री की आड़ में अपना गोरखधंधा चलाते है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर बार की तरह इस भी पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, ओडिसा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र तथा बिहार के कथित गुड़ फैक्ट्री संचालक जिले में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने लगे है। इन लोगों द्वारा प्रारंभिक तौर पर क्षेत्र में गन्ने के रकबे, आवागमन, बिजली, पानी जैसी आवश्यकताओं से युक्त स्थान का चयन किया जा रहा है। बताया जाता है कि किराय पर सर्वसुविधा युक्त स्थान मिलने के बाद इन बाहरी कथित गुड़ फैक्ट्री संचालकों द्वारा कुछ आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर अपना धंधा प्रारंभ कर दिया जाएगा।

**किसानो का रूझान गुड़ फैक्ट्रियों की तरफ**

यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में दो सहकारी शक्कर कारखाना संचालित है जिसमें से विकासखण्ड बोड़ला में तथा दूसरी विकासखण्ड पंडरिया में संचालित है। लेकिन फिर भी जिले के गन्ना उत्पादक किसानो का रूझान निजी गुड़ फैक्ट्रियों की तरफ है। बताया जाता है कि एक तो गुड़ फैक्ट्रियों में भी किसानो कि लगभग उतनी की गन्ना की कीमत दी ताजी है जितनी की उन्हें कारखाना से मिलती है दूसरी यह की कारखाना की अपेक्षा निजी गुड़ फैक्ट्री में गन्ना बेंचने वाले किसानो को नगद भुगतान मिल जाता है।

# सड़क पर पटाखे फोड़ने वाले चार युवक गिरफ्तार, बाकी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दीपावली की रात शहर के अम्बेडकर चौक, कवर्धा में कुछ युवकों ने सड़क को ही पटाखा मैदान बना डाला। राहगीरों की सुरक्षा की परवाह किए बिना पटाखे फोड़ते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल कर दिया। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में थाना कवर्धा और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने चार उपद्रवियों आशुतोष गुप्ता, प्रकाश साहू, दुर्गेश धनकर और रूपेश देवदास को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज किया। आरोपियों को एसडीएम. न्यायालय में पेश किया गया। जांच में अन्य युवकों की भी पहचान हो चुकी है, जिन्हें जल्द हिरासत में लिया जाएगा।




इस कार्यवाही पर एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि दीपावली खुशियों का त्योहार है, उपद्रव का नहीं। जो भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर शोरगुल या अव्यवस्था फैलाएगा, उसे कानून की आतिशबाजी का सामना करना पड़ेगा। कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के नाम पर किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर की शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

### ग्राम सिल्हाटी में चलाया गया साइबर जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

थाना सहसपुर लोहारा द्वारा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में साइबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम सिल्हाटी में सहायक उप निरीक्षक लेखपाल साहू व उनकी टीम द्वारा लोगों को साइबर अपराध के रोकथाम को लेकर जानकारी दी गई। लेखपाल साहू ने लोगों से अपील किया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए अपने उपकरणों को सुरक्षित रखें, मजबूत पासवर्ड कर उपयोग करें, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। अविश्वसनीय स्त्रोतों से आने वाले लिंक या फाइलों से सावधान रहें। सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें, एंटी-वापरस जैसे सुरक्षा उपायों का उपयोग करें।

### अब कटाई का इंतजार...




कवर्धा। खेतों में लगी धान की फसल लगभग पक कर तैयार हो चुकी है और अब कटाई का इंतजार है।

### समूचे अंचल में धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व, भाई-बहनो में दिखा उत्साह

# दूज पर भाइयों के माथे पर बहनों ने लगाया टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

दीपावली त्यौहार तीसरे दिन गुरूवार को परम्परानुसार भाईदूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व विशेष पर बहनो ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर उनका मुंह मिठा किया। इस अवसर पर भाई-बहनो का प्यार व उत्साह देखते ही बन रहा था। पर्व को लेकर ग्रामीण अंचालों में दिनभर चहल कदमी देखने को मिली। दूर-दराज रहने वाली बहनो के भाईयों ने उनके ससुराल पहुंचकर तिलक लगवाया और अपनी बहनो को उपहार दिया। भाई-दूज के अवसर पर बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर पूजा-अर्चना की तथा परिजनों की सुख समृद्धि की कामना की। कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ भाईदूज का पर्व मनाया गया। बहनों ने कई प्रकार के पकवान बनाए। भाईयों की आरती कर माथे पर तिलक लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। भाईयों ने बहनों की रक्षा के संकल्प लिए। बहनों ने भाईयों को स्वादिष्ट भोजन व पकवान खिलाए। आज दिनभर सभी



वर्ग के लोग भाईदूज की खुशियां मनाते रहे। ये खुशियां खासतौर पर बच्चों में अधिक देखी गई। बच्चे नए-नए वस्त्र पहनकर इस पर्व का आनंद लेते रहे। इस पर्व के संबंध में जानकारों के मुताबिक समूचे भारत देश में यह पर्व राखी की तरह मनाया जाता है। इस पर्व के संबंध में मान्यता है कि, भगवान सूर्य के पुत्र यमराज व पुत्री यमी अर्थात यमुना है। बहन यमुना ने इसी दिन अपने यमराज को निमंत्रित कर अपने हांथों से स्वादिष्ट भोजन तैयार कर उन्हें तृप्त किया था। जिससे प्रसन्न होकर यम ने बहन को वरदान मांगने को कहा। इस पर बहन यमुना ने अपने भाई यमराज से वर के रूप में सभी बहनों के भाईयों की खुशहाली मांगी। तब से आज तक राखी पर्व की तरह भाईदूज पर्व पर बहनें भाईयों की आरती उतारकर माथे पर तिलक लगाती है तथा ईश्वर से अपने भाई की दीर्घायु की कामना करती है। आज यम द्वितीया के पावन पर्व पर व्यापारी तथा वर्ग विशेष के द्वारा कलम दवात तथा भगवान चित्रगुप्त की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

# पाण्डातराई सहित आसपास के ईलाकों में जमकर चल रहा है जुआ, पुलिस जानकर भी अनजान

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

दीपावली के मौके पर पांडातराई और आसपास के इलाकों में जुए का अवैध कारोबार तेजी से चल रहा है। सूत्रों की माने तो हर रोज दर्जनो फड़ों में ताश के पत्तों पर लाखों रुपए के दांव लग रहे हैं, जिसमें युवा वर्ग भी शामिल है। लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा इस पर रोक लगाने कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। पुलिस प्रशासन की इस निषक्रियता के कारण जुआरियों के हौसले बुलंद हैं और वे बड़े ही बेखौफ ढंग से जुआ खेल और खिला रहे हैं। बताया जाता है कि वैसे तो पाण्डातराई सहित आसपास के ईलाकों में बारह महिने जुआ खेला और खिलाया जाता है लेकिन हर बार की तरह इस बार भी दीपावली की रौनक के बीच रात के अंधेरे में सजी जुआरियों की फड़ों में लाखों रूपए के दाव लगाए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार नगर के कई इलाकों में दीपावली से पहले ताश के पत्तों की महफिले सज चुकी हैं। स्थानिय खास लोगों को इन अड्डों की जानकारी है और पांडातराई पुलिस भी इससे अनजान नहीं है बावजूद इसके अब तक किसी भी कार्रवाई की खबर नहीं है। इन फड़ों में स्थानीय युवाओं के साथ बाहरी लोग भी हिस्सा ले रहे हैं। कई फड़ों में तो प्रतिदिन लाखों रुपए का जुआ खेला जा रहा है। लेकिन पुलिस प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी इन फड़ों के आसपास भी नहीं पहुंच रही है। जिसे लेकर लोगों द्वारा कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस खेल का सबसे ज्यादा कुप्रभाव युवा वर्ग पर दिख रहा है रातों रात अमीर बनने की इच्छा में कई युवक अपनी मेहनत की कमाई दांव पर लगा रहे हैं पर अंत में हाथ में कुछ नहीं आता। माना जा रहा है कि गर इस पर रोक नहीं लगी तो कई परिवार दीपावली के बाद अंधेरे में डूब सकते हैं। क्योंकि कितने लोगों पर धन की देवी लक्ष्मी मेहरबान हुई यह तो नहीं पता लेकिन ताश के 52 पत्तों के फेर में पडकर कई घर जरूर बर्बाद हो चुके हैं। फिलहाल दीपावली की चमक के बीच पांडातराई और आसपास के इलाकों में ताश के पत्तों की सरसाहट कानून व्यवस्था के लिए नई चुनौती बनती जा रही है। पुलिस भी जुआरियों को दबोचने के लिए प्रयास करती है लेकिन छोटी मछलियां ही पुलिस के जाल में फसती है जो ढेरों सवाल खड़ा करती है।

## सार समाचार

### मुस्कान का सिंधी समाज ने किया सम्मान

**राजनांदगांव।** शहर के हेमू कॉलोनी नगर लालबाग सिंधु भवन में सिंधी पंचायत द्वारा छात्रों को प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। जिसमें प्रसिद्ध व्यवसायी एवं प्रतिष्ठित नागरिक रामरूचंदानी की सुपुत्री मुस्कान रुचंदानी को



1100/800 अंकों के साथ छत्तीसगढ़ में बीएएमएस की परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। मुस्कान रुचंदानी प्रारंभ से ही होनहार छात्र रही है। जिसने पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक प्रथम स्थान प्राप्त किया और सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल एवं सिंधी समाज का नाम रोशन किया है। उसने भविष्य में एमडी करने की इच्छा जाहिर की है। सिंधी पंचायत एवं झूलेलाल नगर की अध्यक्ष मनुमाल मोटवानी एवं ब्रह्मानंद बजाज ने मुस्कान को शुभकामनाएं दी है। यह जानकारी पूज्य सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष चंदन रूचंदानी ने दी है।

### आज जागरूकता व समाधान शिविर

**राजनांदगांव।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार कल 24 अक्टूबर को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक गांधी सभागृह राजनांदगांव में सभी बैंकों एवं जीवन बीमा कंपनियों द्वारा विशेष अभियान आपकी पूंजी आपका अधिकार अंतर्गत निष्क्रिय खातों के सक्रियकरण एवं बिना दावा किए गए जमा राशि को वापस करने जिला स्तरीय जागरूकता एवं समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक संचालित विशेष अभियान अंतर्गत किया जा रहा है। शिविर में भारत सरकार द्वारा संचालित जनधन खाता, जीवन ज्योति बीमा, जीवन सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना सहित अन्य बैंकिंग योजनाओं का पंजीकरण शिविर में किया जाएगा। शिविर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समन्वित जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा की दावा नहीं किए गए बीमा पालिसी की जानकारी भी शिविर में दी जाएगी। खातों की पुनः केवाईसी कार्य मौके पर पूर्ण किया जाएगा। शासकीय, अशासकीय, विभागीय, आम खाताधारक शिविर में शामिल होकर लाभ ले सकते हैं।

### टंगिया से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**छुईखदान।** पुरानी रंजिश पर टंगिया से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 22 अक्टूबर को आरोपी लेखराम यादव, मुकेश यादव, उमेश यादव एवं मिलउराम यादव साकिनान जोम थाना छुईखदान द्वारा पुरानी रंजिशवश आहत जगतराम को अश्लील गाली-गलौज कर धारदार टंगिया से सिर में प्राणघातक वार किया। इस प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी लेखराम यादव 22 साल, मुकेश यादव 28 साल, उमेश यादव 24 साल, मिलउराम यादव 65 साल साकिनान जोम थाना छुईखदान जिला केसीजी के विरूद्ध धारा 109, 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर आरोपी लेखराम यादव से घटना में प्रयुक्त टंगिया जब्त कर आज 23 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे आदेशानुसार ज्युडिशियल रिमांड पर सलोनी खैरागढ़ जेल भेजा गया।

### नीलू को बिहार विस चुनाव में मिली जिम्मेदारी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा को भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए महत्वपूर्ण



जिम्मेदारी सौंपी है। इस सिलसिले में वे शुक्रवार को बिहार के लिए रवाना होंगे। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास को लेकर श्री शर्मा ने आभार व्यक्त करते कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताते बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को विजय दिलाने की जिम्मेदारी दी है। मैं इस विश्वास के लिए पार्टी नेतृत्व का हृदय से धन्यवाद करता हूं। श्री शर्मा का यह दायित्व न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि अन्य राज्यों में पार्टी की रणनीतिक भूमिका में उनकी सक्रिय भागीदारी को भी दर्शाता है। वे लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और उनकी कार्यशैली को पार्टी नेतृत्व ने कई बार सराहा है। श्री शर्मा ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस जिम्मेदारी को निभाएंगे और पार्टी के विजय संकल्प को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### डोडिया में गौरा-गौरी का विसर्जन

**राजनांदगांव।** ग्राम डोडिया में पारंपरिक गौरा-गौरी विसर्जन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर



गौरा-गौरी की प्रतिमाओं का पूजन किया। तत्पश्चात ढोल-नगाड़ों, मंजीरों और गीत-संगीत के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में सरपंच, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन में महिला समूहों, युवाओं और ग्राम समितियों का विशेष सहयोग रहा। शोभायात्रा के समापन पर विधिवत रूप से गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया और सभी ने ग्राम की सुख-समृद्धि की कामना की।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# जमीनी स्तर पर दिखे सरकारी योजनाओं का असर: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना अंतर्गत हितग्राहियों को अधिक से अधिक आवेदन कराएं तथा इस योजना का लाभ लेने नागरिकों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का असर जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय से टीम वर्क में कार्य करें।

कलेक्टर ने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए खाद्य विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग को आपसी समन्वय एवं सहयोग से टीम वर्क में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन समितियों में धान खरीदी के दौरान अनियमितता पाई गई है, वहां कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिफ्ट में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए तथा संवेदनशील केन्द्रों की जानकारी, कमांड एवं कंट्रोल टीम, बारदाना की उपलब्धता, कृषक पंजीयन के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने धान खरीदी के पहले डाटा एंट्री आपरेटर एवं अन्य कर्मचारी को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। ऐसे किसान जिनका पंजीयन तकनीकी दिक्कत के कारण नहीं हो सका है। उसका निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कहा कि 2, 3 एवं 4 नवंबर को जिले में राज्योत्सव का आयोजन स्टेट हाईस्कूल में किया जाएगा। सभी विभागों के स्टॉल में शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए उन्होंने पेयजल, सफाई सहित अन्य कार्यों के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा।




### मक्का की फसल लेने किया प्रेरित

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के आवेदन, फालोअप तथा यथाशीघ्र योजनांतर्गत गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए खाद्य विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती कर सुपोषण की श्रेणी में लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, खाद के उठाव, धान के बदले अन्य फसल की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि रबी अंतर्गत फसल विविधिकरण के लिए किसानों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। किसानों को मक्का, मसूर एवं अन्य फसलों को लगाने प्रेरित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री गौतम चंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्कूलों में बच्चों की हो नियमित उपस्थिति

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति, मंथली टेस्ट लेने, दसवीं के परीक्षा परिणाम को बेहतर करने कहा। बोर्ड परीक्षाओं की पढ़ाई एवं तैयारी की नियमित समीक्षा करने कहा। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष तौर पर ध्यान देते कार्य करें। मातृ मृत्यु दर में कमी लाने स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग समन्वय करते कार्य करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं से सभी एसडीएम, जिला पंचायत सीईओ एवं वे स्वयं उनसे बात कर स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेंगे।

### समय पर दफ्तर पहुंचे अफसर

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी समय पर कार्यालय आएंगे तथा अनुशासन का पालन करेंगे। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में कार्यों की मानिटरिंग के लिए अपर कलेक्टर को दायित्व सौंपा। उन्होंने अमृत मिशन, जल प्रदाय योजना, सिवरेज प्रोजेक्ट की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं एएचपी अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में प्रगति के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत जिले को 5600 हितग्राहियों का लक्ष्य मिला है।

## युगांतर स्कूल में "द एक्सप्रेशन एरीना" का प्रभावी आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी विभाग द्वारा "द एक्सप्रेशन एरीना" प्रोग्राम आयोजित हुआ। इसके तहत विविध इंटर स्कूल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिसमें काव्य पाठ, नाट्य प्रस्तुति (ड्रामैटिक ड्रॉप) और शब्द ज्ञान प्रतियोगिता (स्पेलिंग बी) शामिल रही। इन प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को उनकी कुशल अभिव्यक्ति के साथ उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य किया।

यही नहीं प्रतियोगिताओं ने उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान किया। जिससे उन्होंने अपनी रचनात्मकता और भाषाई कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इन प्रतियोगिताओं में एमजीएम पब्लिक स्कूल भिलाई, अजीज पब्लिक स्कूल, नीरज पब्लिक स्कूल तथा गायत्री स्कूल सहित अन्य विद्यालयों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी वाकपटुता, अभिनय कौशल और अपनी भाषा पर सशक्त पकड़ से दर्शकों को काफी प्रभावित किया। प्रतियोगिताओं के उपरांत विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह तथा विभागाध्यक्ष कंचन सोहल द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य मधुसूदन नायर ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते उन्हें अपने अभिव्यक्ति एवं प्रस्तुति कौशल को और श्रेष्ठता से निखारने पर जोर दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रभारी सुषमा प्रताप, शालिनी नायर एवं अर्पण सैमुअल मसीह ने अमूल्य योगदान दिया।

इस दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी उपस्थित रहे।

## मातर पर्व पर उमड़ा जनसैलाब

- छुईखदान के राजा गिरिराज किशोर दास रहे मुख्य अतिथि

**छुईखदान।** ग्राम पंचायत श्यामपुर में यादव समाज के पारंपरिक पर्व मातर का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर गांव में जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला।



कार्यक्रम में छुईखदान के राजा गिरिराज किशोर दास मुख्य अतिथि, देवराज किशोर दास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने परंपरा के अनुसार नाच-गान करते हुए राजा को आमंत्रित किया, जिसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई।

राजा गिरिराज किशोर दास ने अपने संबोधन में कहा कि मातर यादव समाज की आस्था, एकता और परंपरा का प्रतीक है। यह पर्व हमे हमारी जड़ों और संस्कृति से जोड़ता है। हमे इस पर्व वृहद स्वरूप प्रदान कर समाज के मुख्य स्वरूप से जोड़ना होगा। देवराज किशोर दास ने मड़ई को लेकर हांका उठा रहे युवाओं के साथ झूमकर नाचे और वृंदावन की याद ताजा कर दी और कहा कि लगातार त्यौहार के माहौल में चार दिनों से दिवाली मना रहा हूं, लेकिन आज युवाओं के साथ मातर के आनंद से मैं ओतप्रोत हूं। ग्राम श्यामपुर में मातर पर्व के दौरान में ग्राम पंचायत के सरपंच दीपक सिंह राजपूत, रामकृष्ण यादव, मानसिंह सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## 108 एम्बुलेंस खड़ी ट्रक से टकराई

- घायल मरीज को उपचार के लिए ले जा रही थी एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

गोवर्धन पूजा की रात जहां पूरा क्षेत्र उत्सव के माहौल में डूबा हुआ था। वहीं नेशनल हाईवे 930 पर एक दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में हलचल मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे मानपुर से दल्लीराजहरा मार्ग पर तुमडीकसा गांव के करीब एक 108 एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जा टकराई। एम्बुलेंस मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक घायल मरीज को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज ले जा रही थी। मरीज बैल की सींग लगने से घायल हुआ था। इसी दौरान रास्ते में हादसा हो गया।

हादसे में एम्बुलेंस में सवार ईएनटी कर्मचारी घनश्याम साहू को गंभीर चोंटे आई। जबकि ड्राईवर और मरीज बाल-बाल बच गए। तुरंत ही घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव रेफर किया गया। रास्ता खराब होने की वजह से मरीजों को मानपुर से दल्लीराजहरा के रास्ते राजनांदगांव से पहुंचाया जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार खराब पड़ी ट्रक सड़क किनारे



खड़ी थी। चूंकि तेज ढलान के बाद नेशनल हाईवे की नवनिर्मित पुलिया उठा हुआ है। जिससे तेज रफ्तार में गाड़िया उछाल मारती है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि एम्बुलेंस तेज रफ्तार से उछाल मारी। जिससे वाहन अनियंत्रित हुई और यह दुर्घटना घटी। घटना की जानकारी मिलते ही मानपुर पुलिस मौके पर पहुंची और सबको बाहर निकाला गया। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल हुए ईएनटी और मरीज को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। इस दर्दनाक सड़क हादसे से क्षेत्र में दर्द का माहौल है। एक ओर जहां लोग गोवर्धन पूजा मनाने जुटे थे। वहीं दूसरी ओर इस घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है।

### वरदान भवन में मना भाई दूज का पर्व



**राजनांदगांव।** ब्रह्माकुमारीज संस्था वरदान भवन राजनांदगांव में भाई दूज का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका पुष्पा दीदी ने भाइयों को तिलक लगाकर उन्हें भाई दूज की शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किया। पुष्पा दीदी ने कहा कि "भाई-बहन का रिश्ता केवल रक्त का नहीं, बल्कि आत्मिक प्रेम और स्नेह का प्रतीक है, जो समाज में शांति और सद्भाव का आधार बनता है।" इस अवसर पर संस्था से जुड़े सदस्य एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जुए के अड्डों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- गंडई क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्थानों पर जुआ खेलते 9 आरोपी गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर नकेल कसते हुए, गंडई थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्थानों पर जुआ खेलते हुए कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन जुआ के अड्डों से ताश के 52 पत्तों के साथ 2100 से अधिक की नकद राशि भी जब्त की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम को देर रात मुखबिर से लगातार तीन स्थानों पर जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद तत्काल रेड की कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम सबसे पहले ग्राम बुढ़ासागर स्थित मंदिर के पास पहुंची, जहां बिजली के खंभे के नीचे रोशनी में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने में सफल रहे, लेकिन मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 670 नकद और ताश के पत्ते जब्त किए गए।

### ठढार मंदिर के पास

इसके तुरंत बाद, टीम ग्राम ठढार स्थित मंदिर के पास पहुंची। यहां भी जुआ खेलने की सूचना पर दबिश दी गई। इस दौरान तीन जुआरियों को पकड़ा गया, जिनके पास से 780 नकद, 52 पत्ती ताश और जुआ सामग्री के साथ एक प्लास्टिक बोरी भी बरामद हुई।

### खोंघा बस्ती मंदिर के पास

तीसरी कार्रवाई ग्राम खोंघा बस्ती स्थित मंदिर के पास की गई। देर रात यहां भी जुआरी सक्रिय थे, जहां पुलिस ने घेराबंदी कर तीन लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा। इनके पास से पुलिस ने 650 नकद राशि और ताश के पत्ते जब्त किए।

इस प्रकार कुल 9 आरोपी गिरफ्तार किया गया जिसमें चंदरलाल पटेल, भूपेंद्र पटेल, भीखम पटेल, हरिशंकर सिन्हा, जितेंद्र यादव, राजकुमार नवरंगे, महेंद्र पटेल, देवानंद यादव, तोरण निषाद शामिल है।

## लॉज के सामने युवक मृत अवस्था में मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ में एक लॉज के सामने युवक मृत अवस्था में मिला। घटना की सूचना पर पुलिस मृतक की शिनाख्ति का प्रयास कर रही है। शव को मरच्युरी में रखा गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत 22 अक्टूबर को प्रार्थी कमलेश ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शुभम लॉज दो दिन से बंद है। लॉज के सामने एक अज्ञात व्यक्ति पड़ा है, जो उठ नहीं रहा तथा अज्ञात व्यक्ति को उठाने के लिए पानी छिड़कर देखा, तब भी वह नहीं उठ रहा था। जिसकी मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद लॉज का सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया।

### पुलिस कर रही जांच

वह व्यक्ति आज दोपहर 11 बजे आकर सुभम लॉज के पास लेटा है, जो रात्रि लगभग 7 बजे तक हरकत कर रहा था एवं हाथ-पैर हिला रहा था। अज्ञात मृतक नीला रंग का फुलर्शट, काला रंग का लोवर पहना है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच कार्रवाई में लिया गया है। अज्ञात मृतक को सुरक्षित मरच्युरी हास्पिटल में रख गया है।

## मवेशी तस्करी, खरीदार पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत छुरिया



पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में खरीदार को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 9 अक्टूबर की रात्रि में छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही महिंद्रा पिकअप को थाना छुरिया स्टाफ द्वारा ग्राम भकुर्रा के पास रोककर पकड़ा गया था। जिसमें वाहन का मालिक, चालक मवेशी भरे वाहन से मौका पाकर वाहन से कूदकर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था।

### दो पूर्व में पकड़े गए

वाहन में बैठा हेल्पर पकड़ा गया था। मामले में थाना छुरिया में धारा-4, 6, 10 छ.ग. कृ. प.परि.अधि, 11 पशु क्रू. अधि. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया। आरोपी पिकअप हेल्पर संदीप जब्बार मरई व मुख्य आरोपी वाहन चालक डोमेश उर्फ पप्पू मालघाटी को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

### साक्ष्य पाए जाने पर गिरफ्तार

मामले में फरार आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था। विवेचना पतातलाश के दौरान 23 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के गौवंश मवेशियों को महाराष्ट्र के खरीदार आरोपी महेन्द्र बिंझलेकर को उसके परिजन के माध्यम से थाना तलब किया गया। उपस्थित आने पर आरोपी से पूछताछ एवं विवेचना पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना एवं उसके विरुद्ध साक्ष्य पाए जाने से उसे 23 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड प्राप्त किया जा रहा है। पशु तस्करी के अपराध में संलिप्त फरार अन्य आरोपी की पता तलाश कर शीघ्र विधिवत गिरफ्तारी कार्रवाई की जाएगी।

## टेबल टेनिस में डोंगरगढ़ और सोमनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में 15 अक्टूबर को परिक्षेत्र स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता (महिला/पुरूष वर्ग) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग की 7 और महिला वर्ग की 6 टीम ने हिस्सा लिया।



प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. जयसिंग साहू ने किया। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से विद्यार्थियों में एकाग्रता और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। पुरूष वर्ग में शासकीय आदर्श महाविद्यालय सोमनी ने शानदार प्रदर्शन करते खिताब अपने नाम किया। जबकि उपविजेता शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव रहा। महिला वर्ग में शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ की टीम विजेता रही। वहीं मेजबान शासकीय कमलादेवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव को उपविजेता ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव, नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़, खैरागढ़, छुरिया, गंडई और आदर्श महाविद्यालय सोमनी एवं महिला वर्ग में विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव, गंडई, नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़, दिग्विजय महाविद्यालय, डोंगरगांव और कमलादेवी महिला महाविद्यालय ने भाग लिया। मुख्य निर्णायक की भूमिका रमन साहू और विकास कुमार ने निभाई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अरुण चौधरी, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, परेश वर्मा, अनिता पौसार्य, वरिष्ठ सेवानिवृत्त क्रीड़ाधिकारी पीके हरि, सहायक क्रीड़ाधिकारी रोशन साहू और खैरागढ़ से टेकराम का योगदान सराहनीय रहा।

प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राएं अब 5 नवंबर को रायपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस संबंध में जानकारी महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने दी। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।



## खबर संक्षेप

### भाई बहन के रिश्तों में मिठास लाती है भाई दूज का पर्व



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव बसनी धनेली भगतपुर मोहतरा कला घोरपेंड्री कुंडा एवं दामापुर क्षेत्र में भाई दूज बड़ी धूमधाम से व भाई बहन का प्यार का देखने को मिला भाई दूज का पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व बहन-भाई के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। बहन अपने भाई की लम्बी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती है, और भाई अपनी बहन की रक्षा का वचन देता है। भाई दूज की कथा पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान सूर्य देव और उनकी पत्नी छाया के दो संतानें थीं यमराज और यमुना। यमराज मृत्यु के देवता बने, जबकि यमुना एक पवित्र और प्रिय नदी के रूप में पूजी जाती हैं। बचपन से ही यमुना अपने भाई यमराज से अत्यंत स्नेह करती थीं और हमेशा यह इच्छा रखती थीं कि उनका भाई एक बार उनके घर आए और उनके हाथों से भोजन ग्रहण करे। वे बार-बार यमराज को निमंत्रण देती थीं, लेकिन यमराज अपने कार्यों में इतने व्यस्त रहते कि वे हर बार टाल देते थे। फिर एक दिन, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यमराज बिना बताए अचानक यमुना के घर आ पहुँचे। भाई को अपने घर देखकर यमुना अत्यंत हर्षित हुईं। उन्होंने बड़े प्रेम और श्रद्धा से उनका स्वागत किया, तिलक किया, आरती उतारी, और स्वादिष्ट भोजन परोसा। यमुना के स्नेह, सेवा और प्रेम से यमराज अत्यंत प्रसन्न हुए। यमराज ने यमुना से वरदान मांगने को कहा। तब यमुना ने यह वर मांगा कि हर साल कार्तिक शुक्ल द्वितीया के दिन आप मेरे घर पधारें, और इस दिन जो बहन अपने भाई को तिलक करके प्रेमपूर्वक भोजन कराएगी, उसका भाई लंबी उम्र पाएगा और उसे यमलोक का भय नहीं होगा। यमराज ने यह वरदान स्वीकार किया और तभी से यह परंपरा शुरू हुई कि भाई दूज के दिन बहनें अपने भाइयों को तिलक कर उनके कल्याण और दीर्घायु की कामना करती हैं। इस कथा के पीछे भाई-बहन के स्नेह, सेवा और प्रेम का गहरा भाव छिपा है, जिसे हर वर्ष भाई दूज के रूप में श्रद्धा से मनाया जाता है।

### ग्राम मक्के शाला में बच्चों ने मनाया दीपोत्सव



**कवर्धा।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में दीपावली हर्षल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर छात्र-छात्रों द्वारा रंगोली व दीपावली साज-सजा कर रंगोली तैयार किया गया। जिसमें शुभ दीपावली व धनतेरस एवं रंगोली के माध्यम से छात्रों ने शानदार मनमोहक रंगोली बनाया। जिसमें छात्रा रूपांजलि, सोनम, तामनी, लोकेश्वरी, पूर्णिमा, दुर्गा, संतोषी, नमृता, पूनम, खिलेश्वरी, द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें सुआ गीत किया गया। छात्रों ने एक दूसरे को बधाई शुभकामना दी । अंत में सभी बच्चो को दीपावली की शुभकामनाएं के साथ पढाई लिखाई एवं पटाखे फोड़ेन में सावधानियां बरतनी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए, प्रधान पाठक श्रीमती एल्वीना विलसन मिठाइयां और बधाईयां दी, इस अवसर पर संकुल समन्व्यक राम सिंह साहू, पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक कपूर राम चन्द्रवंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद, युगल किशोर साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, महारानी साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, कान्हाभैरा प्रधान पाठक रामशरण मरावी बैजलपुर प्रधान पाठक हुक्मी चंद धुर्वे, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, सभी सदस्य, पालक सभी बच्चे उपस्थित रहे ।

### रात्रि कालीन डांस प्रतियोगिता सेमरहा में आयोजित, शामिल हुए युवा समाजसेवी अशोक मरावी



**कोलेगांव।** दिपावली के पावन अवसर पर उपकार युवा समिति सेमरहा के द्वारा रात्रि कालीन भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन 8 वां वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ किया गया, जिसमें युवा समाजसेवी ग्रामीण क्षेत्र अशोक मरावी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए, वही समिति के द्वारा अशोक मरावी का भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उद्बोधन में अशोक मरावी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को दीपावली कि ढ़ेर सारी शुभकामनाएं दीं और सुख समृद्धि कि कामना की और कहा कि यहां लोगों का जो संगठन हैं यहां के युवाओं का जो योगदान और संगठन हैं बहुत ही सराहनीय है जो इस प्रकार के बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित करते हैं ये केवल एक कार्यक्रम हीं नहीं है हम सबको एक साथ मिलकर इस त्योहार को खुशी-खुशी मनाने का बहुत बड़ा अवसर हैं। इस डांस प्रतियोगिता में लगभग 31 गांव के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें प्रथम स्थान गांगपुर 5000 रूपए, दुसरा सिंगपुर 3000, तिसरा कुई 2000, चौथा कामठी 1500, पंचम सेमरहा 1000 छठवें तरेगांव जंगल 600 रूपए जिसमें चौथा ईनाम राशि अशोक मरावी प्राप्त किया।

बैठक में शामिल होने बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण

# पंडरिया विकासखण्ड में विशेष पिछड़ी जनजाति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

पर्यावास अधिकार के संबंध में पंडरिया ब्लाक में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के 85 गांव के प्रतिनिधिगण भारी संख्या में 16 अक्टूबर 2025 को ग्राम पोलमी में आयोजित बैठक में महिला पुरुषों ने भाग लिया। संस्था की सीनियर कार्यकर्ता अनिमा बनर्जी, मनोज बैगा, अनिल धुर्वे, अशोक मरावी, हेमंत कुमार गढ़ेवाल, मनोज कुमार पेंद्रो आदि की मुख्य भूमिका रही। यह बैठक समाजसेवी संस्था आदिवासी समता मंच के आह्वान पर किया गया था। वन अधिकार कानून के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को हैबिटेट अधिकार मिलने का प्रावधान है बैगा समुदाय अपने हैबिटेट का अधिकार प्राप्त कर सकता है इस हेतु समुदाय के बीच में पिछले 5 वर्षों से व्यापक समझ आदिवासी समता मंच के माध्यम से शिक्षण प्रशिक्षण जन जागरण आदि के माध्यम से जानकारी देने का प्रयास किया जाता रहा है पिछले दिनों समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ में राज्यपाल एवं शासन प्रशासन के बीच में संवाद स्थापित करने का निरंतर प्रयास जारी रहा है पूर्व में बैगा समुदाय के प्रतिनिधियों को संस्था के द्वारा उड़ीसा में जुवांग जनजाति के बीच में अनुभव के लिए भ्रमण कराया गया था। जहां उन्हें पर्यावास अधिकार प्राप्ति की कार्यवाही भी के बारे में सीखने को मिला। संस्था एवं समुदाय के निरंतर प्रयास के चलते आदिम जाति कल्याण विभाग ने भी बैगा समुदाय को पर्यावास अधिकार दिलाने में रुचि दिखलाई और पिछले 1 साल से आदिवासी संरचनालय एवं आदिवासी समता मंच के सहयोग से अधिकार हेतु आवेदन प्रक्रिया की कार्यवाही जारी है इसी क्रम में जिला वन अधिकार समिति की बैठक हो चुकी है एवं परामर्श दात्री समिति की बैठक भी हो चुकी है बैगा समुदाय का हर एक ग्राम में ग्राम सभा एवं वन अधिकार समिति का गठन भी शासन के आदेश के अनुसार हो चुका है परंपरागत रीति रिवाजों का दस्तावेजीकरण कारण भी हो चुका है दो-दो ग्राम सभा प्रस्ताव भी हो चुके है स्थल निरीक्षण पड़ोसी गांव की सहमति वन एवं राजस्व विभाग की सहमति संयुक्त ग्राम सभा की कार्यवाही अभी बाकी है। ख फॉर्म भरना बाकी है ख फार्म में शामिल किए जाने वाले सभी दस्तावेज तैयार है वन, राजस्व एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी गन सही ढंग से सहयोग करेंगे तो 15 दिन के अंदर ख फॉर्म भी पूर्ण हो जाकर अंतिम ग्राम सभा प्रस्ताव के लिए तैयार हो सकता है कुछ गांव में ग्राम सभा होने के बावजूद ग्राम सभा रजिस्टर और सील मोहर अब तक नहीं प्राप्त होने के कारण से लिखने की कार्यवाही पूरी नहीं की जा सकी है दशमी बाई, फगीया बाई, सोनबाई बैगा, सुखमत बाई, फुलिया बाई वह आए हुए प्रतिनिधियों ने शासन से अनुरोध किया कि जिन गांवों में रजिस्टर व सील बाकी है उसको कृपया जल्द से जल्द दिलाया जाए एवं ख फॉर्म भरने में सहयोग किया जाए।

### सभी सदस्यों की मुख्य भूमिका रही



बैगा पर्यावास अधिकार समिति पंडरिया जिला कबीरधाम के अध्यक्ष गौठू राम बरंगिया, बैगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष एतवारी मछिया, सेमलाल बैगा, संतोष पडीया शिक्षक, घेनवाराम बैगा, पवन बैगा, केवलसिंह चिखलिया, तीतरुसिंह उपसरपंच, लालजू बैगा पूर्व सरपंच, सुकरसिंग, लमनु बैगा छोटेलाल बैगा, दुखुराम बैगा सहित सभी सदस्यों की मुख्य भूमिका रही। जो कार्य बचा है उसे जल्द से जल्द पूरा करना बैठक का मुख्य उद्देश्य था बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों ने अपने-अपने गांव में जो कार्यवाही अब तक हुई है उसके बारे में जानकारी दी गांव स्तर पर नजरी नक्शा भी बन चुका है। आदिवासी समता मंच ने बैगा समुदाय एवं शासन प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करने में मुख्य भूमिका निभाई थी। वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव ग्राम पोलमी में आदिवासी समता मंच के द्वारा आयोजित बैठक में हैबिटेट अधिकार लेने की जोश एवं जुनून के साथ भारी संख्या में आगे की कार्यवाही शीघ्र पूरा करने एक दूसरे एक गांव को सहयोग करने की संकल्प के साथ भाग लिया।

# दीपावली के पावन पर्व पर रामचरित मानस कथा का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम घोरपेण्ड्री के मां लक्ष्मी समिति के द्वारा दीपावली के पावन पर्व पर 3 दिवसीय रामचरित मानस कथा प्रवचन का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम दिवस पंडित छवि कृष्ण पाण्डे बसनी वाले द्वितीय दिवस पंडित सागर मिश्रा तथा अंतिम दिवस पंडित धनंजय प्रसाद दुबे रापा वाले ने बड़े सुन्दर भाव पूर्वक रामचरितमानस कथा का रसपान कराया गया जिसमे तीसरे दिन की कथा में शिव-पार्वती विवाह की कथा का वर्णन किया। पौराणिक कथा अनुसार, माता सती के देह त्याग के बाद, हिमालय की पुत्री पार्वती ने शिवजी को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर, महादेव विवाह के लिए तैयार हुए। शिव-पार्वती के विवाह की इस कथा का वर्णन बालकांड में विस्तार से किया गया है, जहां शिवजी के बारात आने और विवाह संपन्न होने का वर्णन किया। शिव बारात के बारे में बताया कि बारात में शिवजी के साथ भूत-प्रेत और गण भी थे, जो विचित्र और डरावनी वेशभूषा में थे। जब यह बारात नगर के पास पहुँची तो माता मैना और अन्य लोग शिव के रूप और बारात को देखकर भयभीत हो गए। भयभीत होकर मैना ने विवाह करने से मना कर दिया। तब पार्वतीजी ने माता को समझाया कि शिवजी ही एकमात्र शक्ति और ईश्वरीय रूप हैं और विवाह के बाद सब शांत हो जाएगा। पार्वतीजी की बात मानकर मैना विवाह के लिए राजी हो गईं। देवताओं और गणों के साथ शिवजी का विवाह संपन्न की कथा सुनाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासी व समिति के सदस्य नरेंद्र चंद्राकर, गेंद लाल चंद्राकार, अनुज चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, सनोहर चंद्राकर, महादेव चंद्राकर, सतीश चंद्राकर, लक्ष्मण, धर्मेश चंद्राकर, गोविंद चंद्राकर, जगन्नाथ, संजय, शांतनु, हेमराज, स्वतंत्र, गोवर्धन चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, दिलीप, प्रकाश चंद्राकर, तिरथ राम चंद्राकर, प्रेमसागर, चंद्रशेखर गोकुल, राहुल, नमन चंद्राकर, ओमप्रकाश, लवलेश, रूपेश, भोला चंद्राकर, दीपेश, भूदेव चंद्राकर, सहित ग्रामवासी का विशेष सहयोग रहा।

# ग्राम अतरिया में ग्रामीणों ने की घुमंतू गायों की पूजा अर्चना



- गांव में बना गौधाम घुमंतू गायों के लिए विशेष व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ⏭पण्डरिया

ग्राम अतरिया में बुधवार की शाम करीब 5 बजे गोवर्धन पूजा का पारंपरिक और भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ नरेश साहू ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान गोवर्धन की पूजा-अर्चना की। पूजा कार्यक्रम के साथ ही गांव में एक नया गौधाम गौशाला बनाया गया, जिसमें क्षेत्र की घुमंतू गायों के लिए विशेष चारा-पानी की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था में नरेश साहू का विशेष योगदान रहा। ग्राम पंचायत की पहल और ग्रामीणों के सहयोग से यह कदम उठाया गया है ताकि आवारा और बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिल सके। वही आवारा पशुओं से मिलेगी राहत ग्राम पंचायत अतरिया के सरपंच नरेश साहू ने बताया कि गौधाम के निर्माण से अब गांव में घूमने वाली गायों को उचित देखभाल मिलेगी और सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या से भी राहत मिलेगी।

# दो माह में नहीं मिला वसीम का सुराग जमीन निगल गई या आसमान

- महाराष्ट्र के कामठी से हुआ लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर के युवा कारोबारी मोहम्मद वसीम तंवर को रहस्यमय तरीके से गायब हुए दो माह से अधिक समय हो गया, किन्तु उसका अब तक सुराग नहीं मिल सका है। सवाल यह है कि वसीम को जमीन निगल गई या आसमान जिसके चलते महाराष्ट्र पुलिस और परिजन लाख कोशिश के बाद भी उसे खोजने में नाकाम रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मो वसीम तंवर पिता मो इशहाक तंवर गत 19 अगस्त से लापता है। वह 19 अगस्त को अपनी पत्नी को लाने कामठी गया था। नगर के सना डेकोरेशन के संचालक इशहाक तंवर का 33 वर्षीय पुत्र वसीम 19 अगस्त को तौफीक के साथ बाइक से राजनांदगांव जाकर ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से रवाना हुआ था। इस बीच उसकी परिजनों और पहचान वालों के साथ बात होते रही। करीब चार बजे वसीम ने इमरान को बताया था कि वह तुमसर पहुंचने वाला है। इससे पहले उसने दोपहर एक बजे अपनी पत्नी को कामठी आने की जानकारी दिया था। परिजनों और परिचितो से लगातार संपर्क मे रहने के बाद पांच बजकर 17 मिनट पर उसका मोबाईल बंद हो गया जो दोबारा चालू नहीं हुआ है।

### शाम को दिखा फुटेज में

वसीम के अचानक गायब होने के बाद परिजनों ने कामठी स्टेशन में लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज का खंगाला तो उसे शाम 5.22 बजे स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। स्टेशन के बाहर निकलकर उसे बस स्टैंड की ओर जाते देखा गया किन्तु उसके बाद कहा गया इसकी अब तक कोई जानकारी नहीं सकी है।

### किसी से विवाद नहीं

पारिवारिक सदस्यों ने बताया कि वसीम और परिजनों के बीच किसी प्रकार का विवाद नहीं था। पति पत्नी के बीच भी अनबन जैसी कोई बात नहीं थी। व्यापारिक क्षेत्र में भी लेनदेन को लेकर कोई इश्यु नहीं था। डेकोरेशन के काम को पूरी निष्ठा के साथ करने के कारण वसीम की सभी वर्ग के लोगों के साथ खासी जान पहचान थी और सभी उसके काम से संतुष्ट थे।

### रिश्तेदारों ने किया संभावित जगहों पर तलाश

वसीम के अचानक गुम होने के बाद से परिजन, रिश्तेदार और कामठी पुलिस लगातार तलाश करते रहे किन्तु अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। उसके रिश्तेदारों ने कामठी, नागपुर, रामटेक, छिंदवाड़ा, मुंबई, दिल्ली, सूरत सहित अन्य संभावित जगहों पर तलाश किया। कामठी पुलिस ने भी टीम बनकर मोबाईल काल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से उसकी तलाश करने का प्रयास किया किन्तु अब तक कामयाबी नहीं मिल सकी है।

# गौ माता की श्रद्धा के साथ पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



श्री राम गौ सेवा समिति ने गोवर्धन पूजा का आयोजन हर्षोल्लास और भक्ति भाव से किया। गौशाला परिसर में गौ माता की पूजा-अर्चना की गई। समिति के सदस्यों ने पूजा कर गौवंश की सेवा और संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में श्री राम गौरक्षा समिति के संरक्षक छोटे राजा देवराज किशोर दास ने शामिल होकर गोवर्धन पूजा की और गौमाता की आरती उतारी। उन्होंने श्री राम गौ सेवा समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हम किश्मत वाले हैं कि हमें गौमाता की सेवा करने का मौका मिला है। हमे अपनी संस्कृति को बचाए रखने हेतु तत्पर रहना चाहिए और गौ माता की रक्षा के लिए सजग रहना होगा। कार्यक्रम में श्री राम गौ सेवा समिति के अध्यक्ष अमित यादव सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। श्री यादव ने कहा हम सभी गौ सेवा समिति भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### गौरा गौरी चबूतरे का लोकार्पण



**डोंगरगढ़।** दीपावली के दूसरे दिन इंदिरा नगर वार्ड 5 में गौरा गौरी चबूतरे का लोकार्पण प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती ने किया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सुनील जैन, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, पार्षद प्रीति चमन समुद्रें प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर श्री भारती ने वार्डवासियों को गोवर्धन पूजा, भाई दूज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैसे हम दीपावली पर अपने घरों की साफ करते हैं, वैसे ही अपने वार्ड को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। स्वच्छता से ही सुंदर और स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने पानी की समस्या को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया। अंत में पार्षद प्रीति चमन समुद्रें ने आभार व्यक्त किया।

# साइकिलिंग में शलिता, कुमेश्वरी विजेता




**साल्हेवारा।** खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने खेलो इंडिया अस्मिता वूमेंस लीग की साइक्लिंग प्रतियोगिता आयोजित किया जिसमें लगभग 100 बालिका एवं महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया।

साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिस्ट्रिक्ट के सचिव जनक लाल साहू ने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि निजाम सिंह मंडावी जिला उपाध्यक्ष भाजपा थे। इस दौरान जनपद सदस्य मन्नू मरकाम, दशरथ पटेल, गगन अग्रवाल, बहादुरसिंह खुशरो, नरेन्द्र पटले आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम शलिता पटेल, द्वितीय हसीना पटेल, तृतीय बुधन पटेल, जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम कुमेश्वरी, द्वितीय बिंदिया पटेल, तृतीय किरण जामेवार, सीनियर वर्ग में प्रथम रेशमा मरावी, द्वितीय निधि साहू तथा तृतीय भूमिका सिन्हा रही। विजेताओं को अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण के दौरान देवप्रकाश वर्मा ने साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिस्ट्रिक्ट को बेस्ट अपकमिंग डिस्ट्रिक्ट का शील्ड प्रदान किया। इस आयोजन में साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त सचिव देवप्रकाश वर्मा, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिस्ट्रिक्ट के सचिव जनक लाल साहू, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के सचिव शशांक देशमुख, सदस्य अभिषेक मिश्रा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, ताजू खान गोरी, प्रियंकेश कश्यप, निधि साहू,आशीष साहू, रोहित अचला, कुशाल सिंग आदि मौजूद थे।

## कटगो में लोगों ने ईसरा राजा और गौरा रानी की निकाली बारात

# लोगों ने धूमधाम के साथ मनाया गौरा गौरी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



ग्राम कटगो में ईसरा राजा और गौरी रानी की बारात निकाली गई व दीपावली पर्व को लोगों ने बडी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने दिपावली के दिन रात के समय भगवान ईसरा राजा और माता गौरी रानी की मूर्ति बनाकर वेषभूषा के साथ स्थापित किया गया। वहीं गांवों के महिलाओं द्वारा छत्तीसगढी पारंपरिक ईसरा राजा और गौरी रानी की गीत भी गाई गई। वहीं दूसरी ओर गांवों में महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर सुआ गीतों की प्रस्तुति भी दी गई। इसके पश्चात सुबह ही भगवान ईसरा राजा और माता गौरी रानी की पूजा अर्चना कर विधिपूर्वक लोगों द्वारा बाजे गाजे के साथ जल विसर्जित किया गया। वहीं महिला और पुरूष एवं बुजुर्ग तथा बच्चे भी शामिल रहे। ईसरा राजा और गौरी रानी की मान्यता छत्तीसगढी पारंपरिक मान्यता अनुसार मानक मेरावी एवं देवनाथ नेताम ने बताया कि दिपावली के एक दिन पहले गांव के लोगों द्वारा भगवान ईसरा राजा और माता गौरी रानी की मिट्टी लाने के लिए किसी उचित स्थान में जाकर पूजा अर्चना कर बाजे गाजे के साथ लाया जाता है। गायों को भी खिलाया जाता है अनेकों व्यंजन छत्तीसगढी परंपरा अनुसार गांवों के किसानों द्वारा अपने घर के सामने गोवर्धन भगवान की प्रतिक चिन्ह बनाकर गायों की सिंगों को अलग-अलग कलरों में साज सज्जा से सुषोभित किया गया और गायों की पूजा अर्चना कर पांच प्रकार के व्यंजनों का पकवान बनाकर खिलाया गया। वहीं शाम के समय यादवों द्वारा गोवर्धन पूजा का भी आयोजन किया गया। जिसमें गांवों के लोगों ने एकत्रित होकर बाजे गाजे के साथ नृत्य किया गया। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में महिला पुरूष शामिल रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130